University of Lucknow | Centenary Year
लखनऊ विश्वविद्यालय | शताब्दी वर्ष

# लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ
# University of Lucknow, Lucknow

## Press Note 05 June 2020

Keeping in mind the Covid 19 situation all the applicants of JEE B.Ed. are allowed to give new choices for appearing in the examination. If they want to change their previously selected examination centres they can do so by logging in their application form using same registration number. There are certain norms for the selection of Centre. If none of the newly opted cities are allotted as examination centre, then any one centre from the applicants original three choices will be considered for the Examination. Final selection of the examination centre to the candidate will be done by University of Lucknow, and University of Lucknow has final rights to change any center.

**(Prof. Amita Bajpai)**
**State Coordinator**
**Uttar Pradesh Joint Entrance Exam B.Ed. 2020**
**University of Lucknow, Lucknow**

वर्तमान में कोविद 19 की परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए संयुक्त प्रवेश परीक्षा बी0एड0 2020 के सभी अभ्यर्थियों को प्रवेश परीक्षा के नवीन केन्द्रों का चयन करने का विकल्प दिया जा रहा है। पूर्व में दिए गए विकल्पों के स्थान पर यदि अभ्यर्थी नवीन विकल्पों का चयन करना चाहते हैं तो आवेदन पत्र को उसी रजिस्ट्रेशन संख्या से पुनः लॉग इन करके दिए गए सभी केन्द्रों में से किन्हीं 3 केन्द्रों का चयन कर सकते हैं। यह अवसर 8 जून 2020 से प्रारम्भ होकर दिनॉक 14 जून 2020 मध्यरात्रि तक उपलब्ध रहेगा। नवीन केन्द्रों के चयन हेतु कुछ मानकों का निर्धारण किया गया है यदि अभ्यर्थी द्वारा दिए गए नवीन विकल्पों में से किसी भी शहर को परीक्षा केन्द्र बनाना संभव नहीं होता है तो उसके द्वारा मूल आवेदन पत्र में दिए गए विकल्पों में से किसी एक शहर का आवंटन किया जाएगा। परीक्षा केन्द्र के चयन का निर्धारण लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ द्वारा किया जाएगा।

(प्रो0 अमिता बाजपेयी)
राज्य समन्वयक
संयुक्त प्रवेश परीक्षा बी0एड0 2020
लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ

# लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ
# University of Lucknow, Lucknow

आज विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर लखनऊ विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति व विश्वविद्यालय के कई शिक्षक शिक्षिकाओं ने विश्वविद्यालय परिसर में कई जगह वृक्षारोपण किया. माननीय कुलपति प्रो आलोक कुमार राय ने सीताअशोक, चन्दन, नीम, सिन्दूर और पलाश के पौधे मालवीय सभागार के सामने और विश्वविद्यालय के खेल मैदान में लगायें. साथ ही रुद्राक्ष और पारिजात के पौधे निवेदिता छात्रावास के परिसर में भी लगाये. लखनऊ विश्वविद्यालय पर्यावरण के प्रति अपने दायित्व में सदैव सजग रहा है. इससे पहले 26 जनवरी २०२० को विश्वविद्यालय ३६,००० से अधिक पौधों का वृक्षारोपण करके वर्ल्ड बुक ऑफ़ रिकाड्र्स में सम्मिलित हो चुका है, और अंतर-राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस पर लखनऊ का बायो-डाइवर्सिटी इंडेक्स बनाकर भी लोकार्पित कर चुका है.

लखनऊ विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी संकाय के सिविल इंजीनियरिंग विभाग ने विश्व पर्यावरण दिवस पर ऑनलाइन क्विज का आयोजन किया। क्विज सुबह 10 बजे से 12 बजे तक आयोजित की गई। क्विज में देश के विभिन्न प्रदेशों से 1500 से अधिक छात्रों के साथ विदेशी छात्रों ने भी भाग लिया। जिन प्रतिभागियों ने न्यूनतम 40% अंक प्राप्त किये उन्हें ई-प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। इस क्विज के आयोजन का उद्देश्य लोगों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता पैदा करना था। प्रश्नोत्तरी में पूछे गए प्रश्न पर्यावरण के बुनियादी ज्ञान और सामान्य अध्ययन से संबंधित थें।

राष्ट्रीय सेवा योजना, लखनऊ विश्वविद्यालय ने मनाया पर्यावरण दिवस आज दिनांक 05.06.2020 को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना, लखनऊ विश्वविद्यालय इकाई की तरफ से समाज कार्य विभाग के मुख्य एवं विस्तारित भवन में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर डॉ. राकेश द्विवेदी ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण राष्ट्रीय सेवा योजना का हमेशा से प्रमुख लक्ष्य रहा है। इस संदर्भ में हम हमेशा छात्र-छात्राओं को जागरुक करते रहे हैं और हमारे राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम में नामांकित छात्र- छात्रायें भी पर्यावरण के प्रति संवेदनशील रहते हुए इसका प्रचार- प्रसार करते हैं। कोविड 19 के कारण पर्यावरण संरक्षण के प्रति हमें अपनी जिम्मेदारियों का अधिक निर्वहन सामाजिक दूरी को बनाये रखते हुए करना है। इस अवसर पर प्रो गुरुनाम सिंह , विभागाध्यक्ष, समाज कार्य ने बताया कि कोरोना काल मे राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा विविध जन कल्याणकारी योजनाएं चलाई गयीं। पर्यावरण संरक्षण को भी इन योजनाओं में सम्मिलित किया गया। घर पर रहते हुए पौधारोपण एवं रोपित पौधों की देख-रेख एक अत्यंत पुनीत कर्तव्य है। एन. एस. एस. वॉलंटियर्स ने इस प्रकार के पुण्य कार्य में पूर्ण सहयोग किया है। समाज कार्य विभाग के प्रो डी के सिंह बताया कि इस कार्यक्रम के माध्यम से समाज को उचित दिशा मिलेगी। हम अपनी जिम्मेदरियों का अधिक अहसास करेंगे। डॉ राकेश द्विवेदी ने बताया कि आज महाविद्यालयों

# लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ
# University of Lucknow, Lucknow

की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों ने भी पौधारोपण के साथ-साथ बड़ी संख्या में पर्यावरण विषयक पोस्टर एवं कोलाज निर्माण किया। कई पोस्टर, वेबिनार एवं कोलाज वर्तमान समय में पर्यावरण को लेकर हमारी संवेदनहीनता को दर्शाती हैं। यह हमें पर्यावरण की और उपेक्षा न कर तत्काल उसके संरक्षण के प्रति सचेत हो जाने का संदेश भी देती हैं। राष्ट्रीय सेवा योजना की ओर से आयोजित विश्व पर्यावरण दिवस कार्यक्रम में लखनऊ विश्वविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रूपेश कुमार ने भी पौधरोपण किया। इस कार्यक्रम में समाज कार्य विभाग के एवं एन.एस. एस. के कर्मचारी भी उपस्थित रहे। डॉ. राकेश द्विवेदी ने सभी के प्रति आभार ज्ञापित किया।